प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– बस्ती ।

**पत्र संख्या :** एस0पी0एम0यू0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बस्ती / 2019–20 / 3472 **दिनांकः** 17-7-2019

**विषयः** राज्य स्तरीय दल द्वारा 26 से 28 जून 2019 में किए गए पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किए जाने के संबंध में।

**महोदय,**

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 26 से 28 जून 2019 को जनपद बस्ती के विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों पर की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किए जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान चिकित्सा इकाईयों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में प्रकाश में आए बिन्दुओं के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गई है।

आपसे अनुरोध है कि भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों एवं दिए गए सुझावों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए अधोहस्ताक्षरी को एक सप्ताह के भीतर अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोपरि**

**भवदीय**

**(पंकज कुमार)**
मिशन निदेशक

पृष्ठांकन : एस0पी0एम0यू0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बस्ती / 2019–20 / तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं स्वास्थ्य भवन लखनऊ उ0प्र0।
2. महानिदेशक परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बस्ती, उ0प्र0।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बस्ती मण्डल बस्ती।
5. स्टेट नोडल अधिकारी, आर.बी.एस.के. / संयुक्त निदेशक, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0।
6. जनपदीय नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 को इस आशय से प्रेषित कि भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों का निराकरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
7. मण्डलीय / जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक / डी0ई0आई0सी0 प्रबन्धक, बस्ती को इस आशय के साथ प्रेषित कि पर्यवेक्षण रिपोर्ट की अनुपालन आख्या यथा–शीघ्र प्रस्तुत करें।

**(डा0 मनोज कुमार शुक्ल)**
महाप्रबन्धक– आर0बी0एस0के0

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– बस्ती ।

**पत्र संख्या** : एस0पी0एम0यू0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बस्ती / 2019–20 / **दिनांकः** 17.7.19

**विषयः** राज्य स्तरीय दल द्वारा 26 से 28 जून 2019 में किए गए पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किए जाने के संबंध में।

**महोदय,**

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 26 से 28 जून 2019 को जनपद बस्ती के विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों पर की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किए जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान चिकित्सा इकाईयों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में प्रकाश में आए बिन्दुओं के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गई है।

आपसे अनुरोध है कि भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों एवं दिए गए सुझावों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए अधोहस्ताक्षरी को एक सप्ताह के भीतर अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोपरि**

भवदीय

/

**(पंकज कुमार)**
मिशन निदेशक

पृष्ठांकन : एस0पी0एम0यू0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बस्ती / 2019–20 / 3472-7 तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं स्वास्थ्य भवन लखनऊ उ0प्र0।
2. महानिदेशक परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बस्ती, उ0प्र0।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बस्ती मण्डल बस्ती।
5. स्टेट नोडल अधिकारी, आर.बी.एस.के. / संयुक्त निदेशक, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0।
6. जनपदीय नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 को इस आशय से प्रेषित कि भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों का निराकरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
7. मण्डलीय / जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक / डी0ई0आई0सी0 प्रबन्धक, बस्ती को इस आशय के साथ प्रेषित कि पर्यवेक्षण रिपोर्ट की अनुपालन आख्या यथा–शीघ्र प्रस्तुत करें।

**(डा0 मनोज कुमार शुक्ल)**
महाप्रबन्धक– आर0बी0एस0के0

# पर्यवेक्षण आख्या जनपद–बस्ती
## दिनांक 26.06.2019 से 28.06.2019 तक

**भ्रमण टीम के सदस्य–:**

1. डा0 रेशमा मसूद, ए0जी0एम0, आर0बी0एस0के0, एस0पी0एम0यू0।
2. इन्द्रानी सरकार, एकाउन्ट मैनेजर कम डाटा एनालिस्ट, आर0बी0एस0के0, एस0पी0एमय0यू0।

## दिनांक– 26.06.2019
## सी0एच0सी0 विक्रमजोत

दिनांक 26.06.2019 को पर्यवेक्षण दल द्वारा सी0एच0सी0 विक्रमजोत का भ्रमण किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विक्रमजोत



**पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये अवलोकित बिन्दु निम्नलिखित है –**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • चिकित्सालय की नाम पट्टिका लगायी नही गयी थी।<br>• सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी 48 घण्टे चिकित्सालय में नहीं रुक रहे थे। प्रसव कक्ष रजिस्टर के अनुसार दिनांक 26.06.2019 को कुल 2 प्रसव हुए जिसमें से कोई भी 48 घण्टे नहीं रूका। न रूकने का कारण भी उल्लेख नही किया गया था।<br>• Case Sheet एवं प्रसव कक्ष से सम्बन्धित अन्य किसी भी रजिस्टर पर आर.सी.एच. नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा था। चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर अन्य जगह संबद्ध है। जिसके कारण आर0सी0एच0 पोर्टल सम्बन्धित कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही है।<br>• जे.एस.एस.के. के अर्न्तगत लाभार्थीयों को दिया जाने वाला डाईट हेतु डाईट रजिस्टर उपलब्ध था। डाईट चार्ट कहीं Display नहीं किया गया था।<br>• प्रसव कक्ष हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल अपूर्ण पाये गये। | • सम्बन्धित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें।<br>• डाइट चार्ट को डिस्प्ले कराया जाये।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र को व्यवस्थित करने एवं रिकार्ड के रख रखाव हेतु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सुझाव दिया गया। | एम0ओ0आई0सी0 सी0एच0सी0, विक्रमजोत/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बस्ती। |

| | | |
|---|---|---|
| • चिकित्सालय में कण्डोम बॉक्स खाली पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को लेबर रूम प्रोटोकॉल/सेफ्टी प्रोटोकॉल एवं इंफेक्सन कन्ट्रोल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• प्रसव कक्ष में प्रसव लेबर टेबल की बैडिंग उठाने पर जंग लगा हुआ पाया गया।<br>• ई0डी0एल0 प्रदर्शित थी परन्तु प्रतीत हुआ कि उसको कई माह से अपडेट नही किया गया था। | • दल द्वारा तुरन्त जंग लगी हुई टेबल को बदलने के लिए निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बस्ती। |
| • चिकित्सालय में के0एम0सी0 वार्ड बना हुआ था परन्तु उसका कोई भी उपयोग नहीं किया जा रहा था। कार्यरत स्टॉफ नर्स द्वारा मरीज को कोई भी काउन्सिलिंग नही की जा रही थी।<br>• चिकित्सालय में सेमी ऑटो एनेलाइजर उपलब्ध नहीं था।<br>• लेबर रूम में ट्रे उपलब्ध थी परन्तु ठीक प्रकार से मेन्टेन नहीं की जा रही थी।<br>• परिवार नियोज़न हेतु लाभार्थिओं को दी जाने वाली इन्जेंक्शन अन्तरा के संबन्ध में लाभार्थियों को दिये जाने वाले पात्रता धनराशि के बारे में स्टॉफ नर्स को कोई जानकारी नहीं थी।<br>• चिकित्सालय में लगी शिकायत पेटिका विगत तीन माह से खोली नहीं गयी है।<br>• चिकित्सालय के पटल सहायक द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 का कैश बुक बनाया नहीं गया था। | • सभी मोबाइल हेल्थ टीमों को नियमानुसार सभी सूचनाओं एवं लाइन लिस्ट का रख–रखाव तथा माइक्रोप्लान के अनुसार नियमित भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया। | नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर। |
| • चिकित्सालय में बायोमेडिकल वेस्ट रूम का निर्माण नहीं किया गया था। ब्लॉक एकाउण्ट मैनेजंर द्वारा बताया गया कि बायोमेडिकल एजेन्सी द्वारा माह अप्रैल 2019 से अभी तक कोई बीजक उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके कारण भुगतान लम्बित है।<br>• चिकित्सालय का डेड स्टॉक रजिस्टर दल को उपलब्ध नहीं कराया गया। पूछे जाने पर चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त रजिस्टर चीफ फॉर्मासिस्ट द्वारा रखा जाता है जो उक्त दिवस पर सी0एम0एस0डी0 स्टोर गए हुए थे।<br>• एक 102 एवं एक 108 एम्बुलेन्स | • चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि टीम के मूवमेन्ट रजिस्टर में इन्ट्री इन एवं इन्ट्री आउट का समय तथा हस्ताक्षर अंकित करना अनिवार्य है। | |

| | | |
|---|---|---|
| चिकित्सालय प्रंगण में उपलब्ध थी। पर्यवेक्षण में पाया गया कि एम्बुलेन्स की मरम्मत की आवश्यकता है। 102 एम्बुलेन्स यू0पी030जी00168 में तैनात ई0एम0टी0एस0 एवं पायलेट एप्रेन नहीं पहने हुए थे। एम्बुलेन्स को देख कर प्रतीत होता था कि लगातार विगत कई माह से गाड़ी चली ही नही है। उसमें न ही पंखा, किसी भी प्रंकार की टूल किट तथा कोई भी सम्बन्धित व्यवस्था नही की गयी थी। 108 एम्बुलेन्स यू0पी032ए0जी08656 में ए0सी0 कार्य कर रहा था। ई0एम0टी0एस0 को Decadron तथा अन्य प्रयोग होने वाली औषधियां / इन्जेक्शन के सम्बन्ध में जानकारी का आभाव था। पी0सी0आर0 चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापित नही था।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम ए एवं बी द्वारा आंगनवाड़ी तथा स्कूल की स्क्रीनिंग एवं रेफरल सूचना स्कूल हेतु रजिस्टर में अंकित की जा रही थी। पूछे जाने पर पाया गया कि रेफरल रजिस्टर (ए0डब्लू0सी0) अप्रयुक्त चिकित्सालय में रखे हुए थे।<br>• स्क्रीनिंग एवं रेफरल रजिस्टर में पाया गया कि टीम द्वारा मानकानुसार रेफरल नहीं भरा जा रहा था। इससे यह प्रतीत हुआ कि सदस्यों द्वारा राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। साथ ही किसी भी टीम द्वारा रजिस्टर में बच्चों के परीक्षण सम्बधी समस्त कॉलम भरे नहीं जा रहे है। साथ ही बच्चों के माता–पिता / अभिभावकों के दूरभाष नं0 अंकित नही था।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम आंगनवाड़ी केन्द्र के खुले जाने के समय पर भ्रमण नहीं किया जा रहा था। पूछे जाने पर टीम सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि आर0बी0एस0के0 वाहन प्रायः विलम्ब से आती है जिसके कारण टीम भ्रमण स्थल पर देर से पहुंचती है।<br>• आर0बी0एस0के0 वाहन का लॉग बुक उपलब्ध नहीं था। पूछे जाने पर टीम एवं | • पर्यवेक्षण दल द्वारा आपत्ति व्यक्त की गयी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी0पी0एम0 से अपेक्षा की गयी कि सम्बन्धित को चेतावनी दी जाए एवं भविष्य में इसकी पुर्नवृत्ति | नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर। |

(4)

| | | |
|---|---|---|
| बी0पी0एम0 द्वारा बताया गया कि माह अप्रैल 2019 से वाहन का लॉग बुक उपलब्ध नहीं है तथा माह अप्रैल से वाहन का भुगतान भी लम्बित है।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम के लिए मूवमेन्ट रजिस्टर उपलब्ध था परन्तु सही प्रकार से भरा नही जा रहा था।<br>• उपस्थिति पंजिका तथा मूवमेन्ट पंजिका का परीक्षण करने के उपरान्त पाया गया कि आर0बी0एस0के0 टीम सदस्य डा0 भगवान स्वरूप वेट्टा द्वारा उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर किया जा रहा था परन्तु मूवमेन्ट पंजिका में विगत कई दिनों से हस्ताक्षर नहीं किये गये थे। टीम के अन्य सदस्यों द्वारा भी बताया गया कि वह प्रायः अनुपस्थित रहते हैं।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम के पास लगभग सभी उपकरण तथा ई0डी0एल0 मेडिसिन उपलब्ध थे।<br>• चिकित्सालय में स्थित ई0टी0सी0 में तैनात स्टॉफ नर्स को ए0ई0एस0/जे0ई0 के सम्बन्ध में ठीक प्रकार से जानकारी का आभाव था। यूजेबल एक्यू चेक द्वारा भर्ती मरीजों का रक्त निकालना भी नही आता था। वहां पर उपस्थित रजिस्टर भी मानकानुसार अद्ययतन नही थे।<br>• ड्रेसिंग/इन्जेक्शन कक्ष में निडिल एवं आरट्री फॉरसेप जंग लगे हुए पाये गये। | न हो। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी अवगत कराया गया। | |

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर– तिलकपुर
## ब्लॉक –कप्तानगंज



दिनांक 26.06.2019 को भ्रमण दल द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर– तिलकपुर का भ्रमण अपरहन 02:30 बजे किया गया। उक्त सेन्टर का निर्माण प्रक्रियाधीन पाया गया है। उक्त सेन्टर में

कार्यरत ए0एन0एम0 एवं एल0एच0वी0 पोलियों सत्र पर गयी हुई थी परन्तु उनके द्वारा मूवमेन्ट रजिस्टर नहीं भरा गया था।

## शहरी स्वास्थ्य मिशन– बरदहिया बाजार



दिनांक 26.06.2019 को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– बरदहिया बाजार का टीम द्वारा भ्रमण किया गया। नगरीय प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– बरदहिया, मलिन बस्ती के निकट स्थित है। टीम द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, का भ्रमण, जनपदीय अरबन कोर्डीनेटर, तथा एकाउन्ट असिस्टेन्ट के साथ किया गया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरदहिया, किराये के भवन में क्रियाशील है तथा एक फुलटाइम चिकित्सक का पद रिक्त है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रतिदिन 60–70 की ओ0पी0डी0 फॉर्मासिस्ट द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 में माह मई 2019 तक के व्यय विवरण के विश्लेषणोंपरान्त पाया गया कि मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक (शहरी) के मानदेय, मोबिलिटी तथा ऑपरेशनल व्यय के सापेक्ष केवल एक माह के मानदेय की बुकिंग सम्बन्धित एफ0एम0आर0 कोड में की गयी है। पूछे जाने पर डी0सी0ए0ए0 द्वारा बताया गया कि मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक (शहरी) द्वारा ससमय utilisation certificate प्रेषित नहीं की जाती है। उक्त के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र एक किराये के भवन में संचालित है।<br>• चिकित्सालय में ई0डी0एल0 प्रदर्शित नहीं था।<br>• केन्द्र पर पूर्ण कालिक चिकित्सक का पद गत जनवरी 2019 से रिक्त है तथा कार्यरत फॉर्मासिस्ट द्वारा ओ0पी0डी0 देखी जा रही थी। | | नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 / जनपदीय अरबन हेल्थ कोर्डिनेटर |
| • स्वास्थ्य केन्द्र बरदहिया पर 4 ए0एन0एम0 के सापेक्ष 1 ए0एन0एम0 कार्यरत है तथा 1 ए0एन0एम0 को संबद्ध किया गया है। अरबन हेल्थ कॉर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य केन्द्र नरहरिया में 5 ए0एन0एम0 के सापेक्ष 10 ए0एन0एम0 | • दल द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मानकानुसार ए0एन0एम0 की तैनाती तथा संबद्ध ए0एन0एम0 को उनके मूल तैनाती पर वापस करने की कार्यवाही के लिए कहा गया। | नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 / जनपदीय अरबन हेल्थ |

(6)

| | | |
|---|---|---|
| कार्यरत हैं जो औचित्यपूर्ण नही है।<br>• नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया है। जिनका पंजीकरण एवं बैंक खाता संचालित है परन्तु आर0के0एस0 रजिस्टर केन्द्र पर उपलब्ध नही था।<br>• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव कक्ष भी स्थापित है।<br>• BMW हेतु लाल, नीला एवं पीली बाल्टी भी उपलब्ध थी।<br>• ऑक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध था<br>• 48 अरबन आशा के सापेक्ष 25 आशाओं का चयन किया गया है तथा शेष 23 आशाओं के चयन की आवश्यकता है।<br>• कार्यरत अबरन आशाओं का एच0बी0एन0सी0 प्रशिक्षण लम्बित है। | • आशा को एच0बी0एन0सी0 राज्य स्तर से प्रेषित दिशानिर्देशानुसार सुनिश्चित कराया जाये। | कोर्डिनेटर<br><br>नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 / जनपदीय अरबन हेल्थ कोर्डिनेटर |

## आंगनवाड़ी केन्द्र– दहिया

दिनांक–27.06.2019 को पर्यवेक्षण दल द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र–दहिया का भ्रमण किया गया। आंगनवाड़ी केन्द्र पर आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा बच्चों का परीक्षण किया जा रहा था।

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • आंगनवाड़ी केन्द्र घर में संचालित किया जा रहा था।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा 40 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 17 की स्क्रीनिंग की गयी थी। दल द्वारा रेफरल फॉर्म मांगे जाने पर टीम द्वारा केवल 12 रेफरल फॉर्म दिखाये गये।<br>• आर0बी0एस0के0 वाहन के लॉग बुक में टीम द्वारा मीटर रिडिंग नहीं भरी जा रही थी।<br>• आर0बी0एस0के0 वाहन में जी0पी0आर0एस0 नहीं लगाया गया था। आर0बी0एस0के0 टीम के पास इन्फैन्ट लेन्थ स्केल उपलब्ध नही था। डी0ई0आई0सी0 मैनेजर द्वारा बताया गया कि सभी ब्लॉकों में 2 इन्फैन्ट लेन्थ स्केल वित्तीय वर्ष 2018–19 में दिये गये थे।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा आंगनवाड़ी तथा स्कूल की स्क्रीनिंग एवं रेफरल सूचना स्कूल हेतु रजिस्टर में अंकित की जा रही थी। | • टीम दल द्वारा वाहन चालक तथा टीम के सदस्यों को चेतावनी दी गयी।<br>• वाहन हेतु नियमानुसार विजिबिलिटी प्रोटोकॉल डिस्प्ले करने हेतु निर्देशित किया गया है। | नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर।<br><br>मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर। |

| | | |
|---|---|---|
| • स्क्रीनिंग एवं रेफरल रजिस्टर में पाया गया कि टीम द्वारा मानकानुसार रेफरल नहीं भरा जा रहा था। इससे यह प्रतीत हुआ कि सदस्यों द्वारा राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। साथ ही किसी भी टीम द्वारा रजिस्टर में बच्चों के परीक्षण सम्बधी समस्त कॉलम भरे नहीं जा रहे है। साथ ही बच्चों के माता–पिता/अभिभावकों के दूरभाष नं0 अंकित नही था।<br>• टीम के पास बच्चों के स्क्रीनिंग हेतु कांच की चूड़िया पायी गयी जो बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं है। साथ ही बच्चों का बी0पी0 लेने हेतु child cuff टीम के पास उपलब्ध नही था। | • सम्बन्धित सामग्री सुनिश्चित करायें जायें।<br>• नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 तथा डी0ई0आई0सी0 मैनेजर को बच्चों के स्क्रीनिंग हेतु रिंग(प्लास्टिक) तथा child cuff उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर। |

## सी0एच0सी0– भानपुर, केन्द्र– रामनगर

दिनांक–27.06.2019 को पर्यवेक्षण दल द्वारा सी0एच0सी0 भानपुर, केन्द्र रामनगर भ्रमण किया गया। आंगनवाड़ी केन्द्र पर आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा बच्चों का परीक्षण किया जा रहा था।

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • चिकित्सालय में चिकित्सको तथा अन्य कर्मचारियों का सी0एल0 रजिस्टर उपलब्ध नही था।<br>• चिकित्सालय में बायोमेडिकल वेस्ट रूम का निर्माण नहीं किया गया था।<br>• सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी 48 घन्टे चिकित्सालय में नहीं रुक रहे थे। प्रसव कक्ष रजिस्टर में लाभार्थी का आर.सी.एच. नं0 नही भरा जा रहा था।<br>• लेबर रूम में एल्बोटैप नहीं मिला।<br>• रेडियन वारमर क्रियाशील नही पाया गया।<br>• स्टॉफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित नहीं थी।<br>• जे.एस.एस.के. के अर्न्तगत लाभार्थीयों को दिया जाने वाला डाईट स्वयं सहायक समूह नामक संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा था।<br>• चिकित्सालय में सेमी ऑटो एनेलाइजर उपलब्ध नहीं था। | • चिकित्सा अधिकारी को सभी अधिकारियों/कर्मियों का सी0एल0 रजिस्टर बनवाने के निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधिकारी सी0एच0सी0 भानपुर/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बस्ती। |
| • आर0बी0एस0के0 टीम के लिए मूवमेन्ट रेजिस्टर उपलब्ध था परन्तु सही प्रकार से भरा नही जा रहा था।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा लाइन लिस्ट बनायी जा रही थी परन्तु वह राज्य स्तर | • सभी मोबाइल हेल्थ टीमों को नियमानुसार सभी सूचनाओं एवं लाइन लिस्ट का रख–रखाव तथा माइक्रोप्लान के अनुसार नियमित भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि टीम के मूवमेन्ट रजिस्टर में इन्ट्री इन एवं इन्ट्री आउट का समय तथा हस्ताक्षर अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। | नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर। |

| | | |
|---|---|---|
| द्वारा प्रेषित प्रारूप के अनुसार नही थी।<br>• चिकित्सालय में विटामिन K1 (1 mg) का स्टॉक नही पाया गया।<br>• चिकित्सालय में जनवरी से मई 2019 तक बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की 298 ब्लड स्लाइड बनायी गयी परन्तु यह आश्चर्यजनक है कि कोई भी स्लाइड मलेरिया धनात्मक नहीं मिली।<br>• चिकित्सालय में 6 बैड वाला ई0टी0सी0 वार्ड उपलब्ध था। स्टॉफ नर्स द्वारा अवगत कराया गया कि विगत वित्तीय वर्ष 2018–19 में 2 केसेज धनात्मक पाया गया। | • स्वास्थ्य केन्द्र को व्यवस्थित करने एवं रिकार्ड के रख रखाव हेतु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सुझाव दिया गया। | |

## ब्लॉक पी0एच0सी0– सल्टौआ

दिनांक–27.06.2019 को पर्यवेक्षण दल द्वारा ब्लॉक पी0एच0सी0 सल्टौआ का भ्रमण किया गया।





| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • चिकित्सालय की नाम पट्टिका अपठनीय पायी गयी।<br>• सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी 48 घन्टे चिकित्सालय में नहीं रुक रहे थे।<br>• चिकित्सालय प्रांगण में ई0डी0एल0 प्रदर्शित थी परन्तु अपठनीय थी।<br>• चिकित्सालय में के0एम0सी0 वार्ड नही बना हुआ था।<br>• चिकित्सालय में सेमी ऑटो एनेलाइजर उपलब्ध नहीं था।<br>• जे0एस0वाई0 वार्ड अत्यन्त गंदा पाया गया। वार्ड में कुछ बेड टूटे पाये गये। लाभार्थी हेतु शौचालय उपयोगार्थ नही था। वार्ड में बिजली तथा पानी की कोई व्यवस्था नही की गयी थी।<br>• जे0एस0वाई0 वार्ड में पेस्ट कन्ट्रोल नही किया गया था। | • स्वास्थ्य केन्द्र को व्यवस्थित करने एवं रिकार्ड के रख रखाव हेतु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सुझाव दिया गया।<br>• चिकित्सा अधिकारी को शिकायत पेटिका चिकित्सालय के प्रांगण में लगाने तथा प्रत्येक हफ्ते | एम0ओ0आई0सी0 ब्लॉक पी0एच0सी0, सल्टौआ / जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बस्ती।<br>नोडल अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| • ई0टी0सी0 वार्ड 2 बैड का है तथा उसमें 1 स्टॉफ नर्स कार्यरत है। 2 ऑक्सीजन सिलेन्डर में से 1 ऑक्सीजन सिलेन्डर अक्रियाशील पाया गया। बैड के ऊपर मच्छरदानी नही लगी पायी गयी। औषधियां भी नही पायी गयी।<br>• चिकित्सालय हेतु शिकायत पेटिका चिकित्सा अधिकारी के कक्ष के अन्दर लगायी गयी थी। जिसे विगत कई माह से खोला नही गया था।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम के लिए मूवमेन्ट रजिस्टर उपलब्ध था परन्तु उसे सही से भरा नही जा रहा था।<br>• चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 द्वारा बताया गया कि उक्त ब्लॉक में कार्यरत आर0बी0एस0के0 टीम प्रायः अनुपस्थित रहती है।<br>• डी0ई0आई0सी0 मैनेजर द्वारा बताया गया कि प्रत्येक टीम को डिजिटल बी0पी0 मशीन दिया गया है। उक्त ब्लॉक के किसी भी टीम के पास बी0पी0 मशीन नहीं पायी गयी।<br>• मोबाइल हेल्थ टीम के पास एक भी लैपटॉप उपलब्ध नहीं था। पूछे जाने पर टीम के सदस्यों द्वारा बताया गया कि लैपटॉप उनके द्वारा घर ले जाया जाता है। | खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि टीम के मूवमेन्ट रजिस्टर बनवाया जायें जिसमें मोबाइल हेल्थ टीमों के सभी सदस्यों द्वारा इन्ट्री इन एवं इन्ट्री आउट का समय तथा हस्ताक्षर अंकित किया जायेगा।<br>• नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 तथा डी0ई0आई0सी0 मैनेजर को सभी मोबाइल हेल्थ टीमों के पास उपलब्ध उपकरणों की तत्काल समीक्षा करने तथा टीम हेतु लैपटॉप चिकित्सालय में रखे जाने को निर्देशित किया गया। | आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर।<br><br>नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर। |

## जिला चिकित्सालय– बस्ती

दिनांक–28.06.2019 को पर्यवेक्षण दल द्वारा जिला चिकित्सालय बस्ती का भ्रमण किया गया।

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार डा0 जे0पी0 सिंह गत कई माह से चिकित्सालय नही आ रहें हैं।<br>• चिकित्सालय में बायोमेडिकल वेस्ट रूम का निर्माण नहीं हुआ है।<br>• चिकित्सालय के प्रथम तल पर स्थित महिला प्रसाधन में कोई साइन बोर्ड नहीं पाया गया। सफाई की भी कमी पाई गई।<br>• चिकित्सालय में तैनात सुरक्षा कर्मियों की संख्या अत्यन्न कम पायी गयी जिसके कारण ओ0पी0डी0 एवं वार्ड में attendant की अनावश्यक भीड थी। | • मुख्य चिकित्सक अधीक्षक से डा0 जे0पी0 के उपस्थिति के सम्बन्ध में शासन को अवगत कराने के लिए कहा गया।<br>• चिकित्सा अधीक्षिक, जिला चिकित्सालय, बस्ती को नियमानुसार ओ0पी0डी0, वार्ड की व्यवस्थायें सुदृढ़ किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का सुझाव टीम द्वारा दिया | चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, बस्ती। |

| | | |
|---|---|---|
| • ए0एच0 क्लीनिक के पुरूष काउन्सलर को ए0एफ0एच0एस0 से सम्बन्धित रजिस्टर तथा किशोर स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर पूर्ण जानकारी नही थी। इससे प्रतीत होता है कि रिफ्रेशर प्रशिक्षण की आवश्यकता है। | गया।<br>• सम्बन्धित नोडल अधिकारी एवं सी0एम0एस0 को आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने हेतु सुझाव दिया गया। | नोडल आर0के0एस0के0 / आर0 के0एस0के0 कॉडिनेटर। |
| • चिकित्सालय में अल्ट्रसाउण्ड मशीन उपलब्ध है परन्तु कोई भी रेडियोलॉजिस्ट कार्यरत नहीं है। जिससे अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा नही दी जा रही है।<br>• चिकित्सालय में निःशुल्क सिटी स्कैन की सुविधा नही दी जा रही थी। चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उक्त सुविधा आगामी माह तक उपलब्ध हो जायेगी।<br>• एन0सी0डी0 क्लीनिक में कार्यरत चिकित्सक द्वारा बताया गया कि लैब टैक्नीशियन तथा काउंसलर औषधी प्राप्त करने हेतु स्टोर गये थे। उनके द्वारा मूवमेन्ट रजिस्टर नहीं भरा गया था। | • सी0एम0एस0 के प्रतिनिधि को टीम द्वारा प्रकरण सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, बस्ती। |
| • मनोरोग क्लीनिक का परीक्षण करने पर पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु औषधी की स्टॉक बुक नहीं बनायी गयी थी। | • मनोरोग क्लीनिक में कार्यरत मनोरोगी सामाजिक कार्यकर्ता श्री राकेश कुमार एवं अन्य कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु औषधी हेतु स्टॉक बुक एवं बवदेनउचजपवद रजिस्टर बनाने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय एवं सम्बन्धित अधिकारी(एन0सी0डी0)। |
| • चिकित्सालय के ब्लड बैंक का पर्यवेक्षण करने पर पाया गया कि ब्लड ट्रांसफ्यूजन रूम में रखे मेडिकल ट्रे में Adrenaline inj उपलब्ध नही था। | • ब्लड बैंक के चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ब्लड बैंक में समस्त इमरजेन्सी ड्राग्स / इन्जेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करवाये तथा रखरखाव हेतु नियमित पर्यवेक्षण भी करें। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ब्लड बैंक। |
| • पीकू 15 बैडेड वार्ड है। 30 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 27 कर्मी तैनात थे। केस शीट का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि बुखार से पीड़ित भर्ती मरीजों का वाइटल का चेकअप भी नही हो रहा है और न ही इस सम्बन्ध में सूचना अंकित की जा रही है।<br>• एन0आर0सी0 के प्रभारी से खुले हुए बिजली के तार पूछने पर अवगत कराया गया कि शीघ्र सेन्ट्रल ऑक्सीजन पाइपलाइन चिकित्सालय में क्रियाशील होने वाला है। | • मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी बाल रोग विशेषज्ञ कों निर्देशित किया गया कि सभी सम्बन्धित सूचनाओं का अंकन केस शीट में करना अनिवार्य है। अन्यथा किसी अप्रिय घटना की दशा में वह तथा सम्बन्धित कर्मी स्वंय उत्तरदायी होंगे। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी बाल रोग विशेषज्ञ वार्ड। |
| • 10 बैडेड एन0आर0सी0 में 6 बच्चें भर्ती थे जिसमें से 3 लड़के एवं 3 लड़कियां थी। 1 अप्रैल से 31 मई 2019 के डाटा के अनुसार कुल 21 बच्चें भर्ती हुए जिनमें से 9 बच्चें आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा संदर्भित किये गये थे। | • टीम द्वारा डी0ई0आई0सी0 मैनेजर को निर्देशित किया गया कि एन0आर0सी0 में | एन0आर0सी0 एम0ओ0 / डी0ई0आई0 सी0 मैनेजर। |

| | | |
|---|---|---|
| | आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा संदर्भित बच्चों की संख्या में वृद्धि हेतु प्रयास किया जाये। | |

## जिला महिला चिकित्सालय– बस्ती

दिनांक–28.06.2019 को पर्यवेक्षण दल द्वारा जिला महिला चिकित्सालय– बस्ती का भ्रमण किया गया।

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • चिकित्सालय में एस0एन0सी0यू0 वार्ड का विस्तार किया जा रहा है।<br>• मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि 15 दिन के भीतर वेन्टीलेटर लग जाने के बाद सेन्ट्रालाइज़ ऑक्सीजन की फिलिंग की जायेगी।<br>• एस0एन0सी0यू0 रजिस्टर में फाइनल डाग्नोसिस अंकित नही की गयी थी।<br>• चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि लेबर रूम का प्रवेश द्वार अत्यन्त पतला था जिसमें स्ट्रैचर नही आ सकता है। | • सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / एस0एन0सी0 यू0। |

भ्रमण के उपरान्त पर्यवेक्षण दल द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी तथा नोडल आर0बी0एस0के0 बस्ती की अध्यक्षता में आर0बी0एस0के0 मोबाइल हेल्थ टीम, डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर के साथ एक बैठक की गई। बैठक में भ्रमण के दौरान चिन्हित किये गये समस्त गैप्स की जानकारी दी गयी। आर0बी0एस0के0 के अर्न्तगत विशेष गतिविधियों जैसे 1.3.1.7- DEIC, including data card, internet connection for laptops, 16.1.1.1.4- Prepare detailed operational plan for RBSK across districts, 16.1.2.1.7- RBSK Convergence(Monitoring meetings) माह मई 2019 तक शून्य व्यय दर्शाया गया है। साथ ही एफ0एम0आर0 कोड 8.1.7.2.F– Audiologist and speech therapist मद में रू0 31,000 की गलत बुकिंग दर्शायी गयी।

आर0बी0एस0के0 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 के मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार माह मार्च 2019 तक कुल संदर्भन 21803 तथा उपचारित बच्चों की संख्या 2111 दर्शायी गयी है, जोकि 9.68 प्रतिशत है। इससे यह अवगत कराना समाचीन होगा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित आर0बी0एस0के0 से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कार्यक्रम में वांछित प्रगति हेतु अधिक रूचि तथा प्रयास की आवश्यकता है जिससे उपचारित बच्चों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सके। यह भी अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 में माह मई 2019 में एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर आर0बी0एस0के0 से सम्बन्धित प्रपत्रों में कोई भी सूचना नही भरी गयी। इससे जनपद की छवि अत्यन्त धूमिल होती है। बैठक के दौरान पाया गया कि ब्लॉक बहादुरपुर में कार्यरत चिकित्सक डॉ0 ज्योति वर्मा अनुपस्थित थी। पूछे जाने पर ज्ञात हुआ कि दिनांक 15.05.2019 से वह अनुपस्थित चल रही है। साथ ही ब्लॉक मरवटिया में एक टीम में 3 चिकित्सक कार्यरत थे तथा ब्लॉक परशुराम के टीम में केवल 1 चिकित्सक कार्यरत है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि दिशा निर्देशानुसार सभी ब्लॉक के मोबाईल हेल्थ टीमों को का ध्यान रखते हुये चिकित्सकों/पैरामेडिकल को नियमानुसार यथा (एक पुरूष एवं एक महिला चिकित्सक), 1 ए0एन0एम0/स्टॉफ नर्स तथा 1 एलोपैथिक फॉर्मासिस्ट/पैरामेडिकल की तैनाती करना सुनिश्चित करें।

मुख्य चिकित्साधिकारी तथा नोडल आर0बी0एस0के0 बस्ती को डी0ई0आई0सी मैनेजर के सहयोग से आर0बी0एस0के कार्यक्रम के सभी गतिविधियो की ब्लाकवार एवं टीमवार नियमित समीक्षा करने हेतु सुझाव दिया गया।

जनपदीय लेखा अधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु कुल रू0 664.92 लाख की धनराशि रक्षित करायी गयी है जिसमें से केवल रू0 35.12 लाख का व्यय माह मई 2019 तक किया गया है जो केवल 5.28 प्रतिशत है। मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय को माह जुलाई 2019 तक रक्षित धनराशि का शत्–प्रतिशत नियमानुसार व्यय करवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का सुझाव दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियो द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही समस्त गैप्स का निराकरण कर दिया जायेगा।

टीम द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थनगर से आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम सम्बन्धी कोर्ट केस की समस्त दस्तावेजों को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। जनपद सिद्धार्थनगर से आये डी0ई0आई0सी0 मैनेजर तथा कार्यवाहक आर0सी0एच0 लिपिक टीम से कोर्ट सम्बन्धित मुद्दे पर चर्चा की गयी।

**इन्द्रानी सरकार,**
**एकाउन्ट मैनेजर कम डाटा एनालिस्ट, आर0बी0एस0के0**

**डा0 रेशमा मसूद ,**
**ए0जी0एम0, आर0बी0एस0के0**